प्रैस नोट

दिनांक 06.10.2021

थाना खुर्जादेहात क्षेत्रांतर्गत 16 वर्षीय युवती की हत्या का खुलासा, घटना में संलिप्त एक बाल अपचारी सहित 03 हत्यारोपी गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 30.09.2021 को वादी श्री शिशुपाल सिंह पुत्र रामलाल सिंह निवासी ग्राम किर्रा थाना खुर्जादेहात जनपद बुलंदशहर द्वारा थाना खुर्जादेहात पर प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित कराई थी कि उसकी भतीजी अंजलि (उम्र-16 वर्ष), जो ए0के0पी0 इंटर कॉलेज खुर्जानगर में कक्षा 10 की छात्रा है तथा दिनांक 30.09.21 को दोपहर करीब 01 बजे घर से ट्यूशन जाने के लिए निकली थी जब वह क्रीडास्थल के पास ग्राम किर्रा संपर्क मार्ग पर पहुंची तो पहले से खड़े अज्ञात युवक द्वारा उसकी भतीजी का रास्ता रोक लिया तथा उसकी हत्या कर दी तथा शव को गड्ढे में डालकर फरार हो गया। उक्त घटना के संबंध में थाना खुर्जादेहात पर मुअसं-523/2021 धारा 302/341 भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया।

उपरोक्त घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री बजरंग बजी चौरसिया एवं अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्री कमलेश बहादुर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी खुर्जा श्री संग्राम सिंह के निकट पर्यवेक्षण में स्वाट टीम सहित 06 अलग-अलग टीमें गठित कर लगायी गयी थी। आज दिनांक 06.10.21 को प्रभारी निरीक्षक स्वाट श्री सुधीर कुमार त्यागी एवं निरीक्षक श्री अखिलेश कुमार गौड़ मय टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अल्प समय में ही समय प्रातः करीब 07.45 बजे हत्याकाण्ड मे संलिप्त एक बाल अपचारी सहित तीनों अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर अगवाल पुल के पास से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। अभियुक्तों की निशादेही पर आलाकत्ल पत्थर घटनास्थल के पास से बरामद किया गया तथा घटना के दिन अभियुक्त सुनील ने पहनी काले रंग की टी-शर्ट व बाल अपचारी ने पहनी लाल रंग की टी-शर्ट को उनकी निशादेही पर उनके घरों से बरामद कर ली गयी है जो पब्लिक द्वारा भी घटना के दिन देखी गयी थी।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम-पता-

1- सुनील पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम किर्रा थाना खुर्जादेहात जनपद बुलन्दशहर।
2- पवन पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी उपरोक्त।
3- एक बाल अपचारी (उम्र-15 वर्ष, 03 माह)

बरामदगी-

1- आलाकत्ल पत्थर।
2- 04 मोबाईल फोन अभियुक्तों के।
3- अभियुक्त सुनील व बाल अपचारी की घटना के दिन पहनी टी-शर्ट

उक्त प्रकरण गहनता से की गयी विवेचना/छानबीन में ज्ञात हुआ कि दिनांक 30.09.21 को दोपहर के समय घर से युवती(मृतका) ट्यूशन जाने के लिए निकली थी जब वह क्रीडास्थल के पास ग्राम किर्रा संपर्क मार्ग पर पहुंची तो पहले से खड़े तीनों अभियुक्तों में से अभियुक्त सुनील द्वारा युवती से उसका मोबाइल नम्बर मांगा गया था तथा युवती को प्रपोज किया गया था, जिसके प्रतिरोध में युवती द्वारा सुनील को थप्पड़ मार दिया था। इसी बात पर अभियुक्त सुनील द्वारा उसके साथ मारपीट की गई तथा उसको धक्का दे दिया जिससे युवती का सिर सड़क किनारे पड़े पत्थर से टकराने से सिर में आयी चोट के कारण उसकी मृत्यु हो गयी थी। अभियुक्त सुनील द्वारा उसका गला दबाने का प्रयास भी किया गया था लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। तीनों अभियुक्तगण उसके शव को गड्ढे में फेंककर अलग-अलग दिशाओं में फरार हो गए थे।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना खुर्जादेहात पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए तीनों अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम-

1- श्री सुधीर कुमार त्यागी प्रभारी स्वाट टीम
2- निरीक्षक श्री अखिलेश कुमार गौड़
3- उ0नि0 धीरज राठी, उ0नि0 हरीश कुमार, है0का0 हरेन्द्र सिंह, है0का0 विकास कुमार, है0का0 जितेन्द्र यादव, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 मनोज कुमार दीक्षित, है0का0 आशीष कुमार, का0 कपिल नैन, का0 नीरज त्यागी, का0 विशाल चौहान, का0 प्रबलि तोमर, का0 राहुल बालियान, का0 वसीम, का0 अक्षय त्यागी, है0का0 चालक जितेन्द्र त्यागी, है0का0 मणिकान्त त्यागी।

थाना खुर्जादेहात टीम-

1- श्रीमती अरूणा राय, प्रभारी निरीक्षक खुर्जा देहात
2- उ0नि0 नरेश कुमार, उ0नि0 उम्मेद अली, का0 भीम, का0 अशोक।